
सत्यमेव जयते
NATIONAL AWARD
TO TEACHERS - 2015
शिक्षक
2015
2016
September
2016
विकास
और
सरकार
Ministry of
Resource
(HE)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

सत्यमेव जयते

MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**Department of School Education and Literacy**

शिक्षकों हेतु राष्ट्रीय आईसीटी पुरस्कार 2015

# National ICT Award for Teachers 2015

आईसीटी के प्रभावशाली और नवाचारी एकीकरण से विद्यार्थी अधिगम प्रोन्नति में प्रशंसनीय कार्य हेतु प्रदान किया जाता है

Given in recognition of effective and innovative integration of ICT in promoting students' learning

**श्री अमित कुमार**

स्नातकोत्तर शिक्षक (कम्प्यूटर साइंस)
जवाहर नवोदय विद्यालय, ठियोग,
जिला – शिमला
हिमाचल प्रदेश – 171201

***Sh. Amit Kumar***

*Post Graduate Teacher (Computer Science)*
*Jawahar Navodaya Vidyalaya, Theog*
*Distt.- Shimla*
*Himachal Pradesh - 171201*

SCKhuntia

सचिव, भारत सरकार
नई दिल्ली, 5 सितम्बर, 2016

*Secretary, Government of India*
*New Delhi, 5 September, 2016*

मोहाली भास्कर
जीरकपुर • डेराबस्सी खरड़ • कुराली
गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं
शिक्षक दिवस आज
सोमवार 5 सितंबर, 2016 सर्वेषां स्वास्ति भवतु, सर्वेषां शान्तिर्भवतु| सर्वेषां मंगलम भवतु, सर्वेषां पूर्णम भवतु|| भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-4, 2073



# खरड़ के टीचर को टीचर्स डे पर राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

एजुकेशन रिपोर्टर | मोहाली

खरड़ के शिक्षक अमित कुमार को आईसीटी अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शिक्षक दिवस के दिन राष्ट्रपति सम्मानित करेंगे। देशभर से प्रतिभावान शिक्षकों का चयन किया गया है। अमित कुमार भारत सरकार के स्पोकन टूटोरियल प्रोजेक्ट के हिमाचल स्टेट के रिप्रेजेंटेटिव हैं। इन्होंने इस प्रोजेक्ट के तहत हिमाचल प्रदेश के दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल शिक्षा व कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के जरिये शिक्षा को आधुनिक व प्रभावशाली बनाने में अहम भूमिका अदा की है। जिसके लिए इन्हे नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। अमित कुमार ने स्कूल व कॉलेजों में ओरिएंटेशन प्रोग्राम, वर्कशॉप व फैकल्टी मेंबर्स को ट्रेनिंग दी। इसके द्वारा विद्यार्थी हर विषय से संबंधित अहम जानकारी हासिल कर सकेंगे। आईआईटी मुम्बई के प्रोफेसरों के द्वारा तैयार किए हर विषय के प्रोग्राम का फायदा उठा सकेंगे। इसके अलावा स्टूडेंट्स की उपलब्धियों के लिए उन्हें आईआईटी मुम्बई द्वारा फ्री सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।




## शिक्षा को आसान व सभी के लिए स्वीकीर्य बनाना बनाया लक्ष्य

अमित कुमार ने बताया कि उनका लक्ष्य देशभर में शिक्षा प्रणाली को आसान व सभी के लिए स्वीकार्य बनाना है। जिससे बच्चे उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकें। हिमाचल के 105 कॉलेज व 10 स्कूलों में इस नई शिक्षा प्रणाली को लागू कराने का निर्देश दिया है। जिनमें सरकारी व प्राईवेट दोनों शामिल है। अभी तक 40कॉलेजों व 10 स्कूलों में शिक्षा प्रणाली लागू हो चुकी है। जिसमें एक नवोदय विद्यालय में अमित कुमार स्वयं कार्यरत हैं। बाकी में जल्द लागू होगा। अमित कुमार ने स्कूल व कॉलेजों में ओरिएंटेशन प्रोग्राम, वर्कशॉप व फैकल्टी मेंबर्स को ट्रेनिंग दी। अभी तक 12000 से ज्यादा विद्यार्थी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

अमित कुमार खरड़ के रहने वाले हैं। पिछले चार सालों से हिमाचल में ठियोग के नवोदय विद्यालय में कार्यरत हैं। इससे पहले वे एक साल चीन में भी लेक्चरर रह चुके हैं। एनसीइआरटी के प्रोजेक्ट आइसीटी इन स्कूल एजुकेशन में भी रिसोर्स पर्सन हैं अमित कुमार।

**भारत सरकार देगी स्कूल,कॉलेजों को फ्री सॉफ्टवेयर:** स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट भारत सरकार का एमएचआरडी एवं आईआईटी मुंबई के सहयोग से सन 2013 में शुरू किया सांझा प्रोजेक्ट है। जिसके तहत हर स्टेट के दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल शिक्षा व कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के जरिये शिक्षा को आधुनिक व प्रभावशाली बनाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत देश के कॉलेज व स्कूलों को हर विषय के सोफ्टवेयर भारत सरकार द्वारा फ्री दिए जा रहें है। जिससे विद्यार्थी किसी भी समय किसी भी विषय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थी टॉपिक डाउनलोड कर सकते है। व जरूरत पड़ने पर पढ़ सकते है। सभी जानकारी आइआइटी बॉम्बे के विषय विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन अपलोड की जा रही है। इससे पूरे देश के बच्चे व युवा सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे। व पूरा फायदा उठा सकेंगे।




दिव्य हिमाचल
# मेरा शिमला



शिमला : कम्प्यूटर शिक्षक संघ के सदस्य मांगों को लेकर क्रमिक अनशन के दौरान सामूहिक चित्र में

divyahimachal.com epaper.divyahimachal.com जमीनौ साथी जुड़ा हुंदा कल्ला अखबार शिमला, बुधवार, 7 सितंबर, 2016







दिल्ली में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से सम्मान प्राप्त करते ठियोग नवोदय के कम्प्यूटर शिक्षक अमित कुमार

## शाबाश दिल्ली में टीचर्स-डे पर राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से पाया सम्मान

# शिक्षक अमित ने चमकाया ठियोग का नाम

▪ रोहित सेम्टा, ठियोग

नवोदय विद्यालय ठियोग में कम्प्यूटर शिक्षक अमित कुमार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन के परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार (नेशनल आईसीटी अवार्ड) प्रदान किया गया। किसी भी शिक्षक को दिया जाने वाला देश का यह उत्कृष्ट सम्मान उन्हें पाठ्यक्रम एवं विषय शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए नवीन एकीकृत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियों में आईसीटी के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने एवं खोज आधारित और सहयोगपूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। दो सितंबर से छह सितंबर तक चले कार्यक्रमों के दौरान केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावेकर ने सभी पुरस्कृत शिक्षकों से पारस्परिक वार्तालाप किया एवं सभी सम्मानित शिक्षकों को राष्ट्रपति भवन व मूल गार्डंस दर्शन का सुअवसर प्राप्त हुआ। इसके अलावा एनसीईआरटी कैंपस में भी एक विशेष कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कम्प्यूटर विषय शिक्षण में परिपक्व अमित कुमार हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के संसाधक एवं स्पोकन टुटोरिअल, आईआईटी बॉम्बे के प्रदेश रिप्रेजेंटेटीव ने रूप में भी कार्यरत हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में डिजिटल शिक्षा व इनफोर्मेशन कम्यूनिकेशन टेक्नालॉजी के जरिए शिक्षा को आधुनिक व प्रभावशाली बनाने में अहम भूमिका अदा की है। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा को ओपन सोरस सॉफ्टवेयर के माध्यम से विस्तार करने हेतु चलाए जा रहे मिशन में नवोदय विद्यालय ठियोग हिमाचल प्रदेश को एकमात्र विद्यालय स्तरीय संसाधन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी अमित कुमार का योगदान सराहनीय रहा है। इसके अलावा प्रदेश के महाविद्यालयों में आईआईटी बाम्बे के स्पोकन टुटोरिअल प्रोजेक्ट द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर की शिक्षा को हिमाचल प्रदेश के उच्च-शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के युवाओं तक पहुंचाने में अमित कुमार का विशेष योगदान रहा है। इस संदर्भ में नवोदय विद्यालय ठियोग के अमित कुमार द्वारा हिमाचल प्रदेश में किया गया कार्य कबिलेतारीफ रहा है। अमित कुमार ने बताया कि फ्री एवं ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर को कार्यान्वित करके किस प्रकार डिजिटल डिवाइड जैसी गंभीर समस्या को समाज से मिटाने में मदद मिल सकती है।

# शिमला भास्कर

वीरवार 8 सितंबर, 2016 | रामपुर ▪ रोहड़ू ▪ ठियोग | किन्नौर ▪ कोटखाई ▪ कुमारसैन | भाद्रपद शुक्ल पक्ष-7, 2073




**स्वागत समारोह** विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार किया गया प्रदान

# राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर नवोदय विद्यालय में खुशी

भास्कर न्यूज़ |ठियोग

नवोदय विद्यालय ठियोग के कंप्यूटर शिक्षक अमित कुमार को शिक्षक दिवस पर देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों पुरस्कार प्राप्त मिलने पर विद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्र छात्राओं व ठियोग क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अमित का विद्यालय में शानदार स्वागत किया गया। नवोदय विद्यालय ठियोग में कंप्यूटर शिक्षक अमित कुमार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन के परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार



अमित शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी से पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

प्रदान किया गया। वर्ष 2010 से स्थापित राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार भारत सरकार की "आई. सी. टी. इन स्कूल्ज" स्कीम के तहत देश के चयनित प्रतिभावान शिक्षकों को दिया जाता है। इसके अलावा एन. सी. ई. आर. टी. कैंपस में भी एक विशेष कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अमित कुमार ने बताया कि फ्री एवं ओपन सोर्स सोफ्टवेर को कार्यान्वित कर के किस प्रकार डिजिटल डिवाइड जैसी गंभीर समस्या को समाज से मिटाने में मदद मिल सकती है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे निशुल्क शिक्षा प्रोजेक्ट्स द्वारा आधुनिक शिक्षा को प्रदेश हर युवा तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है।

## देश भर से11 प्रतिभावान शिक्षकों का किया चयन

इस वर्ष देश भर से इस पुरस्कार के लिए कुल 11 प्रतिभावान शिक्षकों का चयन किया था। किसी भी शिक्षक को दिया जाने वाला देश का यह उत्कृष्ट सम्मान उन्हें पाठ्यक्रम एवं विषय – शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए नवीन एकीकृत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियों में आई.सी.टी. के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने एवं खोज आधारित और सहयोगपूर्ण शिक्षा को बढावा देने के लिए प्रदान किया गया। 2 सितम्बर से 6 सितम्बर तक चले सिलसिलेवार कार्यक्रमों के दौरान केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सभी पुरस्कृत शिक्षकों से पारस्परिक वार्तालाप किया एवं सभी सम्मानित शिक्षकों को राष्ट्रपति भवन व मुग़ल गार्डन्स दर्शन का सुअवसर प्राप्त हुआ।

शिमला भास्कर

सोमवार 29 अगस्त, 2016 | रामपुर ▪ रोहड़ू ▪ ठियोग | किन्नौर ▪ कोटखाई ▪ कुमारसैन | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-12, 2073

गौरव

अमित जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग में कंप्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, 5 सितंबर को प्रणब मुखर्जी देंगे सम्मान

# शिक्षक अमित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित

## पाठ्यक्रम एवं विषय शिक्षण प्रक्रिया को बनाया प्रभावशाली

सिटी रिपोर्टर ठियोग



अमित कुमार।

नवोदय विद्यालय ठियोग में कंप्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत अमित कुमार का चयन राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार (नेशनल आईसीटी अवार्ड) के लिए किया गया है। इन्हें आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के हाथों सम्मानित किया जाएगा। देशभर से इस पुरस्कार के लिए कुल 11 प्रतिभावान शिक्षकों का चयन किया गया है। उक्त पुरस्कार उन्हें पाठ्यक्रम एवं विषय शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए नवीन एकीकृत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियों में आईसीटी के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने एवं खोज आधारित और सहयोगपूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जा रहा है। नवोदय विद्यालय ठियोग के अमित कुमार की ओर से हिमाचल प्रदेश में किया गया कार्य सराहनीय रहा है। कंप्यूटर विषय शिक्षण में परिपक्व अमित कुमार प्रदेश में राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) एवं स्पोकन ट्यूटोरिअल, आईआईटी बॉम्बे के संसाधक ने रूप में भी कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा को ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से विस्तार करने के लए चलाया जा रहे मिशन में नवोदय विद्यालय ठियोग प्रदेश को एक मात्र विद्यालय स्तरीय संसाधन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी अमित कुमार का योगदान सराहनीय रहा है। अमित कुमार की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुमन कुमार एवं उ-प्राचार्या कामना गुप्ता ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिक शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर सुमन कुमार ने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय पुरस्कार का मिलना विद्यालय के लिए ही नहीं पूर प्रदेश के लिए गर्व की बात है ।

### बिलासपुर के श्यामलाल को भी मिलेगा पुरस्कार



बिलासपुर| केंद्र प्राथमिक पाठशाला डियारा के सीएचटी श्यामलाल का चयन नेशनल अवार्ड के लिए हुआ है। 5 सितंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी उन्हें इस अवार्ड से सम्मानित करेंगे। गौरतलब है कि शिक्षा जगत के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए श्यामलाल को वर्ष 2010 में प्रदेश सरकार द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा अक्तूबर 2015 में यूनेस्को द्वारा महाराष्ट्र में उन्हें ग्लोबल रोल मॉडल टीचर का अवार्ड भी दिया जा चुका है। विभिन्न शिक्षक संगठनों ने नेशनल अवार्ड के लिए चयन पर उन्हें बधाई दी है।

SMS

People do not care how much you know, they want to know how much you care.

# शिमला केसरी

विचार

विशेषताएं एवं गुण दाता की देन हैं दाता को देखिए, व्यक्ति को नहीं।

MONDAY, 29 AUG, 2016 तापमान अधिकतम 22° न्यूनतम 18° आज बारिश की संभावना। सूर्योदय 05.56 सूर्यास्त 06.50 SHIMLA KESARI




# नवोदय के कम्प्यूटर शिक्षक अमित नैशनल आई.सी.टी. अवार्ड से होंगे सम्मानित

## विज्ञान भवन में 5 सितम्बर को राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

शिमला, 28 अगस्त (नितेश) : नवोदय विद्यालय ठियोग के कम्प्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत अमित कुमार मेहता का चयन राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार के लिए किया गया है। उन्हें आगामी 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के दिन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा। देशभर में इस पुरस्कार के लिए कुल 11 प्रतिभावान शिक्षकों का चयन किया गया है।



बता दें कि प्रदेश के महाविद्यालयों में आई.आई. टीस बॉम्बे के स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजैक्ट द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त ओपन सोर्स सॉफ्टवेसर शिक्षा को हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के युवाओं तक पहुंचाने में अमित कुमार का विशेष योगदान रहा है।

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
पढ़ कर देखें
अजीत समाचार
एजेंसी मैनेजर

# अजीत समाचार

AJIT SAMACHAR जालन्धर, सोमवार, 29 अगस्त, 2016, 14 भाद्रपद, विक्रमी सम्वत् 2073, ( पृष्ठ : 16 ) मूल्य : ₹ 3.00
जालन्धर और चंडीगढ़ से प्रकाशित

Regd.No. PB/JL-137/2015-17 | वर्ष : 21, अंक : 239 | www.ajitsamachar.com | facebook.com/ajitsamachar | samachar@ajitjalandhar.com | फोन : 0181-2455961-62-63, 5032400 फैक्स : 2230455, 5011025

अजीत समाचार
में ईश पैसा
कम खर्च में अधिक प्रचार
बुकिंग के लिए सम्पर्क करें :-
विज्ञापन मैनेजर



## नवोदय विद्यालय के कम्प्यूटर शिक्षक को नैशनल आईसीटी अवार्ड

# शिक्षक दिवस पर होंगे विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित

ठियोग, 28 अगस्त (केडी शर्मा): नवोदय विद्यालय ठियोग में कम्प्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत अमित कुमार का चयन राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार नेशनल आईसीटी अवार्ड के लिए किया गया है। इन्हें आगामी 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के दिन नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जायेगा। देशभर से इस पुरस्कार के लिए कुल 11 प्रतिभावान शिक्षकों का चयन किया गया है। उक्त पुरस्कार उन्हें पाठ्यक्रम एवं विषय शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए नवीन एकीकृत प्रोद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियों में आईसीटी के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने एवं खोज आधारित और सहयोगपूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार की स्थापना भारत सरकार की आईसीटी इन स्कूल्ज स्कीम के तहत की गयी है एवं देश के चयनित प्रतिभावान शिक्षकों को यह सम्मान वर्ष 2010 से हर साल दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के महाविद्यालयों में आईआईटी बॉम्बे के स्पोकन टुटोरिअल प्रोजेक्ट द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त ओपन सौर्स सॉफ्टवेयर की शिक्षा को हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रदेश के युवाओं तक पहुंचाने में अमित कुमार का विशेष योगदान रहा है।



अमित कुमार की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुमन कुमार एवं उप-प्राचार्या कामना गुप्ता ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिक शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए किये जा रहे उनके प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर सुमन कुमार ने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय पुरस्कार का मिलना विद्यालय के लिए ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

divyahimachal.com | सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:52 | शिमला 21° 14°
मिश्रित युगल में एक और खिताब | खेलकूद पेज 10

epaper
divyahimachal.com
शिमला
सोमवार, 29 अगस्त, 2016
14 भाद्रपद, 2073
वर्ष 20, अंक 189
पृष्ठ 12+4 ₹ 4.00
धर्मशाला • शिमला • चंडीगढ़

देवभूमि का अग्रणी समाचारपत्र
दिव्य हिमाचल





# श्याम लाल-अमित कुमार को नेशनल अवार्ड

## पांच सितंबर को दिल्ली में राष्ट्रपति बिलासपुर-ठियोग के शिक्षकों को देंगे सम्मान

■ दिव्य हिमाचल ब्यूरो, बिलासपुर



शिक्षा और समाजसेवा क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले बिलासपुर के होनहार शिक्षक श्यामलाल पाल इस साल नेशनल अवार्ड के हकदार बने हैं। राजकीय केंद्र पाठशाला डियारा में कार्यरत केंद्र मुख्य शिक्षक श्याम लाल पाल का चयन शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए नेशनल अवार्ड-2015 के लिए हुआ है। श्याम लाल को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांच सितंबर अध्यापक दिवस पर राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के कर कमलों से अवार्ड प्राप्त होगा। जानकारी के अनुसार भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय एवं स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग ने अपनी पत्र संख्या एफ 1-37/2016-एनएटी के माध्यम से श्याम लाल के चयन की सूचना प्रदेश सरकार व श्याम लाल को भेज दी है। पुरस्कार के लिए चयन होने से न केवल बिलासपुर, बल्कि हिमाचल का नाम देश भर में ऊंचा हुआ है। यहां बता दें कि श्याम लाल जिला के झंडूता तहसील के बड़गांव पंचायत के निवासी हैं।




■ कार्यालय संवाददाता, ठियोग



नवोदय विद्यालय ठियोग में कम्प्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत अमित कुमार का चयन राष्ट्रीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी पुरस्कार (नेशनल आईसीटी अवार्ड) के लिए चयनित किया गया है। इन्हें पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा। देश भर से इस पुरस्कार के लिए कुल 11 प्रतिभावान शिक्षकों का चयन किया गया है। उक्त पुरस्कार उन्हें पाठ्यक्रम एवं विषय शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए नवीन एकीकृत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियों में आईसीटी के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने एवं खोज आधारित और सहयोगपूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जा रहा है। अमित कुमार की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुमन कुमार एवं उपप्राचार्या कामना गुप्ता ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिक शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किये जा रहे उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

JAI BHARAT STEEL
Call: 098160-74025, 093550-85002
www.jaibharatsteel.com

www.himachaldastak.com
# हिमाचल दस्तक
दिल से दिमाग तक
कुल पृष्ठ 16 | मूल्य ₹4.00 वर्ष 4 अंक 344 | शिमला, सोमवार 29 अगस्त, 2016 | तदनुसार 14 भाद्रपद, विक्रमी संवत् 2073

नर्सिंग दाखिला
G.N.M. STAFF NURSE COURSE
3Yrs., Eligibility 10+2
CHRISTIAN NURSING SCHOOL
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE



# अमित कुमार को राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

हिमाचल दस्तक। ठियोग

जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के कंप्यूटर शिक्षक अमित कुमार को 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी उन्हें सम्मानित करेंगे। उन्हें यह पुरस्कार राष्ट्रीय सूचना व संचार प्रौद्योगिकी परिषद (आईसीटी) के अंतर्गत दिया जा रहा है। यह पुरस्कार इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। देशभर से केवल 11 शिक्षक ही इस अवॉर्ड के लिए चुने गए हैं। यह अवॉर्ड 2010 से दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अमित कुमार एनसीईआरटी व आईआईटी मुंबई से भी जुड़े हुए हैं। उन्हें पहले भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमन कुमार व उपप्रधानाचार्य कामना गुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी है।



**शिक्षक दिवस पर किया जाएगा पुरस्कृत**